जुलाई-सितंबर तिमाही का रोजगार सर्वेक्षण जारी हुआ

नौ क्षेत्रों में कुल रोजगार बढ़कर 3.10 करोड़ हुए

रिपोर्ट

नई दिल्ली | एजेंसी

श्रम मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी तिमाही रोजगार सर्वेक्षण के अनुसार नौ चयनित क्षेत्रों में कुल रोजगार की संख्या जुलाई - सितंबर 2021 के दौरान 3.10 करोड़ रही, जो अप्रैल-जून के मुकाबले दो लाख अधिक है। श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव ने श्रम ब्यूरो द्वारा तैयार तिमाही रोजगार सर्वेक्षण (क्यूईएस) को जारी किया, जिसके मुताबिक अप्रैल से जून, 2021 में नौ चयनित क्षेत्रों में कुल रोजगार की संख्या 3.08 करोड़ थी।

यह आंकड़े कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर के बाद राज्यों द्वारा लॉकडाउन प्रतिबंधों को हटाने के चलते आर्थिक गतिविधियों में हुए सुधार को दर्शाते हैं। यह इस कड़ी की दूसरी रिपोर्ट है। पहली रिपोर्ट अप्रैल-जून 2021 की थी। इस अध्ययन में 10 या अधिक कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों को शामिल किया गया। यादव ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि इन अध्ययनों से सरकार को साक्ष्य आधारित नीति बनाने में मदद मिलेगी।

02 लाख ज्यादा रोजगार मिले अप्रैल-जून के मुकाबले

87 फीसदी रही नियमित रोजगार की हिस्सेदारी

10 कर्मचारियों वाले संस्थान आंकड़े में शामिल

32.1% हो गई है बढ़कर महिलाओं की हिस्सेदारी

नियमित रोजगार 87 फीसदी : श्रम मंत्री ने बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में कुल रोजगार में 87 फीसदी हिस्सेदारी नियमित रोजगार की रही है। इसमें महज दो फीसदी ही ठेके पर रखे जाने वाले श्रम बल की है। उन्होंने कहा कि नौ क्षेत्रों में से कंस्ट्रक्शन क्षेत्र में 20 फीसदी रोजगार ठेके पर आधारित थे। वहीं 6.4 फीसदी नियमित थे।

इन क्षेत्रों में जमकर मिला रोजगारः समीक्षाधीन तिमाही में जिन नौ क्षेत्रों में सबसे अधिक रोजगार मिला है उनमें विनिर्माण, निर्माण, व्यापार, परिवहन, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और रेस्टोरेंट, आईटी / बीपीओ और वित्तीय सेवाएं शामिल हैं।

महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ीः समीक्षाधीन अवधि रोजगार के मोर्चे पर महिलाओं के लिए और बेहतर रही है। तिमाही में कुल श्रम में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़कर 32.1% पर पहुंच गई है। इसके पहले यह 29.3% थी। महिलाओं की हिस्सेदारी श्रम बल में तेजी से बढ़ने पर देश की जीडीपी को अधिक तेज रफ्तार मिलती है।